# बारिश से किसान हुए चिंतित

**खास बातें**

- कई खेतों में चल रहा सोयाबीन की कटाई का कार्य
- बारिश से मौसम में घुली ठंडक

नवभारत न्यूज

**सिरोंज, क्षेत्र में रविवार को सायं को बारिश हुई. इस दौरान बिजली भी चमकती दिखाई दी. बारिश के बाद मौसम में ठंडक घुल गई. इन दिनों कई किसानों के खेतों में सोयाबीन की फसल की कटाई का कार्य हो रहा है. ऐसे में बारिश ने इन किसानों की चिंता बढ़ा दी है.**

क्षेत्र में रविवार की शाम को आसमान में बादल दिखाई दिए. इस दौरान गरज चमक के साथ बादलों ने बारिश की. क्षेत्र में इन दिनों कई खेतों में सोयाबीन की कटाई का कार्य हो पर है. कई किसानों की सोयाबीन की फसल खेतों में पक कर तैयार है. ऐसे में बारिश ने इन किसानों की मुसीबत बढ़ा दी है. बारिश से इन किसानों का कार्य प्रभावित होगा. वहीं सोयाबीन की जो फसल कट कर खेतों में रखी है, उसको भी नुकसान होने का भय है. किसान राजेंद्र रघुवंशी का कहना है कि अतिवृष्टि से क्षेत्र में सोयाबीन की फसल को नुकसान हुआ है. सोयाबीन का उत्पादन कम आ रहा है. वही इन दिनों कई किसानों की फसल कट गई है. जबकि कई किसानों के खेतों में सोयाबीन की फसल पककर तैयार है. तथा कई खेतों में सोयाबीन की कटाई का कार्य चल रहा है. ऐसे में बारिश से इन किसानों का काम बाधित होगा. वहीं जिन किसानों की सोयाबीन की फसल कटी हुई खेतों में रखी है, बारिश से उसको नुकसान होने का भय है. जिन किसानों की सोयाबीन की फसल खेतों में पककर तैयार है, उसको भी नुकसान होने का भय है. किसान पहले ही मौसम की मार झेल रहा है. पहले ही अतिवृष्टि से कई किसानों की फसलें प्रभावित हुई है. उन्होंने प्रभावित फसलों का तत्काल सर्वे कराकर किसानों को राहत देने की भी मांग की है.





## बीएसएनएल का नेटवर्क दो माह से ठप्प

**अधिकारी गहरी नींद में, उपभोक्ता हो रहे परेशान**



नवभारत न्यूज

**गुलाबगंज 5 अक्टूबर, बीएसएनएल का नेटवर्क अगस्त सितम्बर से ठप्प है जिन उपभोक्ताओं के पास इस कंपनी की सिम है.उनके इनकमिंग आउटगोइंग कॉल भी नहीं हो रहे हैं.**

उपभोक्ता ठगा महसूस कर रहा है.अनेकों बार एसडीओ खान एवं एजीएम राजन जी से फोन पर भी कहा गया व अनेक समाचार पत्र में समाचार भी प्रकाशित हुआ.लेकिन अधिकारियों की नींद नहीं टूटी.ऐसे ही अर्कमण्य अधिकारियों की कार्यप्रणाली से शासकीय विभागों की फजीहत हो रही है जबकि प्राईवेट विभाग फल-फूल रहे हैं.अधिकारियों की मानसिकता केवल मोटे वेतन पर ही टिकी है.व्यवस्था सुचारू चले इस ओर नहीं है.इसलिए उपभोक्ता का रूझान दूसरी कम्पनी की ओर बढ़ता जा रहा है.आशा है कि अधिकारियों की नींद टूटे और जनता को सुविधा मिले बरिष्ठ अधिकारियों से अपेक्षा है.

## बैठक में भावांतर योजना को लेकर दिये निर्देश

नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** भावांतर योजना के संबंध में रविवार को अनुविभागीय अधिकारी की अध्यक्षता में किसान संघ प्रतिनिधि, व्यापार संघ एवं हम्माल, तुलावट संघ की संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया. जिसमें भावांतर योजना के कियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए. एवं मंडी प्रांगण में विद्युत व्यवस्था, साफ सफाई, पेयजल व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे दुरूस्ती, कृषक पंजीयन सहित भावांतर योजना के प्रचार प्रसार हेतु आवश्यक निर्देश दिए. इस मौके पर अनुविभागीय अधिकारी ने कहा कि कृषक बंधुओ की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जावे.

## शरद पूर्णिमा दीपदान महोत्सव आज

नवभारत न्यूज

**विदिशा,सावरकर बालबिहार स्थित बैकुण्ठधाम श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में धर्मगुरु धर्माधिकारी गिरधर गोविन्द प्रसाद शास्त्री के आचार्यत्व में आश्विन शुक्ल शरद पूर्णिमा महोत्सव 6 अक्टूबर, सोमवार को भगवान श्रीलक्ष्मी नारायण जी की तुलसी आराधना एवं श्री महालक्ष्मी जी की कमल गटे अर्पित कर आराधना की जावेगी, पूजन उपरांत मंत्रो के साथ समर्पित कमल गटे भक्तो को प्रदान किये जावेंगे. श्रृंगार दर्शन, मोदक नैवेद्य, महाआरती के आयोजन श्रद्धालु भक्तों द्वारा दीपदान के साथ श्रद्धा भक्ति पूर्वक आयोजित किये जावेंगे.**

आकाश दीप दान करने से पितरों का आशीर्वाद प्राप्त होता है.धर्माधिकारी जी ने बताया कि शरद् पूर्णिमा की रात्रि में रास रासेश्वरी भगवान श्री कृष्ण जी ने बृजमंडल-यमुना जी के पावन तट पर महारास का मनमोहिनी आयोजन किया था.देशी गाय के दूध से बनी हुई 'खीर' भगवान को भोग लगाकर शरद् की चाँदनी में रखने से चंद्रमा की अमृत किरणों के संयोग से श्वास रोग की औषधि बन जाती है. माताओं बहिनों द्वारा व्रत रखकर श्री सत्यनारायण भगवान की पूजन श्रद्धा पूर्वक करके भगवान को मावे के लड्डूओं का भोग एवं तुलसी पत्र समर्पित करके,श्रद्धालु भक्तों को प्रसाद वितरित किया जाता है. शरद् पूर्णिमा के दिन से कार्तिक स्नान प्रारंभ हो जावेंगे, श्रद्धालु भक्त वेत्रवती के पावन तटों पर प्रात-कार्तिक स्नान का पुण्य लाभ प्राप्त करेंगे.

## नपा अध्यक्ष ने किया बुजुर्गों को सम्मानित

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,** नगर पालिका परिषद में एक सादे समारोह के दौरान नगर के वृद्ध जनों का सम्मान किया. इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती शशि अनिल यादव ने महिलाओं बुजुर्गों को तिलक किया और फूल माला पहना कर उन्हें सम्मानित किया. उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार हमारे वृद्ध जनों का विशेष ध्यान रखती है उनके लिए कई योजनाएं चलाई जा रही है जिनका लाभ वृद्ध जनों को मिल रहा है. कार्यक्रम के दौरान बुजुर्गों ने भी नपा अध्यक्ष श्रीमती यादव को माला पहनाई और अपना आशीर्वाद प्रदान किया. इस अवसर पर पेंशन शाखा प्रभारी मोनिका भार्गव ने भी बुजुर्गों को शासन की योजनाओं को बताते हुए उनका लाभ कैसे लिया जाता है इस बारे में विस्तार से बताया.

## आत्मनिर्भर भारत की कार्यशाला का हुआ आयोजन

नवभारत न्यूज

**पठारी,** भारतीय जनता पार्टी मंडल पठारी की आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान एवं स्वदेशी वस्तुओं को लेकर कार्यशाला का आयोजन मंडल अध्यक्ष बलवीर सिंह ठाकुर एवं मंडल प्रभारी देवेंद्र रघुवंशी की अध्यक्षता में भाल बामौरा के सामूहिक भवन में आयोजित की गई. कार्यशाला में सभी कार्यकर्ताओं को देश-विदेश की वर्तमान परिस्थिति, स्वदेशी वस्तुओं को बढ़ावा देने के अलावा कई मुद्दों पर विस्तार से बतलाया गया. इस अभियान में हर वर्ग हर उम्र के लोगों को शामिल करने की योजना है.इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष बलवीर सिंह ठाकुर, मंडल प्रभारी देबू रघुवंशी, वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश सिंघई, विमल जैन, शैलेंद्र चौधरी, अखिलेश पंथी, कमलेश यादव, इंद्राज सिंह ठाकुर, बलबीर सिंह ठाकुर, मनोज सिंघई, रीतेश जैन सहित सभी मंडलों के पदाधिकारी एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता आदि मौजूद रहे.




## पथ संचलन में कदमताल करते निकले स्वयंसेवक, नगर की तीन बस्तियों में निकला पथ संचलन

नवभारत न्यूज

**सिरोंज, नगर की तीन बस्तियों में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों द्वारा रविवार को पथ संचलन निकाला गया. जिसमें स्वयंसेवक कदमताल करते हुए मुख्य मार्गो से होकर निकले. इस अवसर पर शहर में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर पथ संचलन का स्वागत किया गया.**

जानकारी के अनुसार नगर में रविवार को केशव बस्ती, हनुमान बस्ती एवं रविदास बस्ती में स्वयंसेवकों द्वारा पथ संचलन निकाला गया. जिसमें बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों ने भाग लिया. केशव बस्ती का पथ संचलन बृज मेमोरियल स्कूल से प्रारंभ होकर नवीन बस स्टैंड, नगरपालिका के पास, सुभाष नगर, जय स्तंभ चौक, मंडी बायपास होते हुए बृज मेमोरियल स्कूल पहुंचा. पथ संचलन में स्वयंसेवक गणवेश में कदमताल करते हुए देशभक्ति से ओतप्रोत गीत गाते हुए चल रहे थे. इस मौके पर केशव बस्ती के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वरिष्ठ अभिभाषक अमरचंद अग्रवाल एवं मुख्य वक्ता सामाजिक सद्भावना कार्य मध्यभारत प्रांत के प्रांत प्रमुख घनश्याम रघुवंशी मौजूद रहे. कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक गीत से हुआ. इस मौके पर अतिथि परिचय, अमृत वचन, एकल गीत प्रस्तुत किया गया. कार्यक्रम में मुख्य वक्ता सामाजिक सद्भावना कार्य मध्यभारत प्रांत के प्रांत प्रमुख घनश्याम रघुवंशी ने विजयादशमी के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि भारत उत्सवों का देश है. विजयादशमी का उत्सव अधर्म पर धर्म, असत्य पर सत्य, अंधकार पर प्रकाश तथा रावण पर प्रभु श्रीराम की विजय का उत्सव है. प्रभु श्रीराम समाज के आदर्श हैं. भारतीय संस्कृति में शक्ति की उपासना का महत्व रहा है. उन्होंने भारत के गौरवशाली इतिहास एवं परंपरा के बारे में बताते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति विश्व को दिशा देने वाली है. भारतीय संस्कृति में वसुधैव कुटुंबकम एवं विश्व कल्याण की कामना हैं. उन्होंने कहा कि हिंदू समाज को एकजुट होकर वर्तमान चुनौतियों का मिलकर सामना करना होगा. तथा समाज को एकजुट होकर आसुरी शक्तियों को नष्ट करना होगा. उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विकास यात्रा के बारे में बताते हुए कहा कि 1925 में विजयादशमी पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना हुई. वर्तमान में कई संगठनों के माध्यम से स्वयंसेवक समाज की सेवा एवं जनजागरण का कार्य कर रहे हैं. इस मौके पर बड़ी संख्या में स्वयंसेवक मौजूद रहे.




- शव वाहन / फ्रीज़र
- ब्लड ग्रुप लिस्ट
- मरीज इलाज उपकरण
- पुराने लेकिन पहनने योग्य वस्त्र
- देहदान नेत्रदान संकल्प के लिए

नि:शुल्क सेवा

शेरपुरा विदिशा में विकास पचौरी फोटो स्टूडियो के बगल में स्थित सुनो रेडियो स्टेशन पर संपर्क करें.

मोबाइल में बजता है

विकास पचौरी फाउण्डेशन द्वारा प्रसारित

सुनो रेडियो 84 35 250 250

प्ले स्टोर/एप स्टोर से डाउनलोड करके आनंद लीजिए


## करंट बना काल : एक युवक की मौत, दूसरा गंभीर

**छतों के ऊपर लटकते बिजली तारों से बढ़ रहा खतरा, लोग दहशत में**

नवभारत न्यूज

**सांची,नगर में बिजली व्यवस्था अब लोगों के लिए जानलेवा बनती जा रही है.घरों के ऊपर से गुजर रही बिजली की तारें किसी भी समय बड़ी दुर्घटना को जन्म दे सकती हैं। कुछ ही दिनों में करंट लगने की यह दूसरी बड़ी घटना है, जिसने नगरवासियों में भय का माहौल पैदा कर दिया है.**

जानकारी के अनुसार, हाल ही में घर की छत से गुजरे बिजली तार टूटने के कारण एक ही परिवार के सात सदस्य करंट की चपेट में आ गए थे. सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जिनमें से दो की हालत गंभीर होने पर उन्हें विदिशा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया था.इस हादसे की स्याही अभी सूखी भी नहीं थी कि शुक्रवार की रात एक और दर्दनाक घटना हो गई.नगर की हेडगेवार कॉलोनी में 32 वर्षीय रुद्र प्रताप सिंह, पिता उदयभान सिंह (सेवानिवृत्त पुलिस कर्मचारी) अपने साथी अनिकेत उर्फ हनी के साथ घर की छत पर था. तभी छत के ऊपर से गुजर रहे नंगे बिजली तार की चपेट में आने से दोनों करंट से झुलस गए.रुद्र प्रताप की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि हनी को गंभीर हालत में विदिशा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है.

मृतक रुद्र प्रताप के परिजन पोस्टमार्टम उपरांत उनके पार्थिव शरीर को गृह जिले रायबरेली (उत्तर प्रदेश) अंतिम संस्कार हेतु ले गए.लगातार हो रही इन घटनाओं से नगरवासी सहमे हुए हैं1 कई मकानों की छतों के ऊपर से गुजर रहे पुराने तारों के कारण लोगों में डर बना हुआ है, लेकिन अब तक विद्युत विभाग या प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है.



### जनता की मांग

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि प्रशासन को जल्द से जल्द छतों के ऊपर से गुजर रहे पुराने बिजली तारों को हटाकर सुरक्षित मार्ग से शिफ्ट कराना चाहिए. लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे सामूहिक रूप से आंदोलन करेंगे.निवासियों का कहना है कि हर घर के ऊपर मौत बनकर लटक रहे ये बिजली तार किसी भी वक्त हादसे का कारण बन सकते हैं.जब तक इन्हें हटाया नहीं जाता, तब तक हर परिवार असुरक्षित है.

### क्या कहते हैं अधिकारी

इस संबंध में मनीष कुमार, जेई (सलामतपुर सांची) ने बताया कि यह स्ट्रीट लाइट की लाइन है जो नगर परिषद के अंतर्गत आती है. यह लाइन लगभग बीस वर्ष पुरानी है। समय के साथ लोगों ने नए मकान बनवा लिए जिससे तार अब घरों के ऊपर से गुजरने लगे हैं. हमने पहले ही मकान मालिकों को सावधान करते हुए नोटिस जारी किए थे. फिलहाल स्ट्रीट लाइट लाइन बंद कर दी गई है और नगर परिषद को निर्देश दिए गए हैं कि जहां-जहां घरों के ऊपर से तार गुजर रहे हैं, वहां से स्ट्रीट लाइट की डाले हटाई जाएं, ताकि आगे कोई दुर्घटना न हो.वहीं अतिरिक्त तहसीलदार ललित सक्सेना ने कहा कि मामला हमारे संज्ञान में आया है.हम नगर परिषद एवं विद्युत मंडल से पूरी जानकारी लेकर नियमानुसार उचित कार्रवाई करेंगे.

**श्रमदान** | **साप्ताहिक श्रमदान अभियान 5 .0 का द्वितीय चरण सामाजिक संगठनों के सहयोग से बना अद्वितीय**

# रिपटा घाट से गंज पुल तक दिखी निर्मल वेत्रवती की झलक

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,नदी जल संरक्षण और जन-जागरूकता की दिशा में लगातार कार्यरत श्रमदान दल गंजबासौदा के तत्वावधान में रविवार को एक ऐतिहासिक स्वच्छता अभियान संपन्न हुआ.साप्ताहिक श्रमदान अभियान 5.0 के दूसरे चरण के अंतर्गत यह अभियान विभिन्न सामाजिक, धार्मिक संगठनों, राजस्व विभाग एवं नगर पालिका परिषद के संयुक्त सहयोग से आयोजित किया गया.**

श्रमदान दल के आवाहन पर, विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के प्रांत गौ-रक्षा प्रमुख श्री नीलेश अग्रवाल के सक्रिय प्रयासों से अनुविभागीय अधिकारी तथा तहसीलदार अरविंद यादव के निर्देशन में, सांसद प्रतिनिधि श्री देवेंद्र यादव के नेतृत्व तथा विश्व हिन्दू परिषद-बजरंग दल, व्यापार महासंघ गंजबासौदा, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, फीड बैक फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी के सानिध्य में नगर पालिका परिषद के सदस्यों ने बेतवा नदी स्थित गंज पुल पर एकत्र होकर श्रमदान किया.

संयुक्त प्रयासों का परिणाम यह रहा कि रिपटा घाट से लेकर गंज पुल तक बेतवा नदी ने वर्षों बाद अपना निर्मल और प्राणदायी स्वरूप प्रदर्शित किया. मानो माँ वेत्रवती स्वयं अपने बच्चों को आशीर्वाद देने धरती पर उतर आई हों.नगर में पिछले पाँच वर्षों से निरंतर चल रहे इस अभियान ने इस रविवार सामाजिक समरसता और जन-एकता का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया.प्रात: 6.30 बजे से ग्राम गंज स्थित रिपटा घाट से श्रमदान की शुरुआत हुई.दल के सदस्यों ने घाट और तटों पर फैली पूजा सामग्री, विसर्जित मूर्तियाँ, तेल-शैम्पू पाउच, पॉलिथीन, मुंडन एवं अंत्येष्टि संस्कारों की सामग्री को एकत्र कर सुरक्षित स्थान पर निस्तारित किया.इसके पश्चात 8 बजे से विश्व हिन्दू परिषद-बजरंग दल, व्यापार महासंघ, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, फीड बैक फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट एवं नगर पालिका परिषद गंजबासौदा के सदस्य, सांसद प्रतिनिधि, तहसीलदार एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी के साथ मिलकर गंज पुल क्षेत्र में श्रमदान हेतु पहुँचे.इस दौरान सामाजिक संगठनों के सहयोग से नदी के मध्य तक मानव श्रृंखला बनाकर दुर्गा एवं गणेश प्रतिमाओं के अवशेष और अन्य अपशिष्ट को नदी से बाहर निकाला गया. कुछ ही घंटों में नदी से 10 ट्रॉली से अधिक मात्रा में कचरा और मूर्तियों के अवशेष निकाले गए, जो अपने आप में एक रिकॉर्ड रहा.रविवार का यह दृश्य केवल श्रमदान का नहीं, बल्कि श्रद्धा, सेवा और संकल्प के संगम का प्रतीक था. जहाँ समाज ने यह साबित किया कि नदी केवल जलधारा नहीं, जीवनधारा है.हमारा समाचार पत्र निरंतर श्रमदान दल की अलख को पिछले पाँच वर्षों से जिस जन-जागरण की लौ के रूप प्रज्ज्वलित वह अब जन-जन के मन में पर्यावरणीय चेतना और जिम्मेदारी की ज्वाला बनकर फैल रही है.हालांकि अभियान के दौरान यह तथ्य भी सामने आया कि प्रशासनिक दावों के बावजूद नदी में अब भी बड़ी मात्रा में प्लास्टिक और पीओपी की मूर्तियाँ पाई गई. जो यह दर्शाती हैं कि केवल निर्देश नहीं, बल्कि व्यवहारिक परिवर्तन और सामूहिक भागीदारी ही इस समस्या का स्थायी समाधान है.स्वच्छता अभियान के दौरान श्रमदान दल के सदस्यों ने कहा कि श्रद्धा तभी पूर्ण होती है, जब वह स्वच्छता से जुड़ती है. माँ वेत्रवती के आंचल में पलने वाले हर जीव-जंतु की रक्षा हम सब नागरिकों का नैतिक कर्तव्य है.इसलिए नगर वासियों ने आग्रह है कि वे भी मां बेतवा की स्वच्छता के लिए चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान का हिस्सा बने. केवल कुछ घंटे देकर श्रमदान अभियान को बल दे बाबजूद गर किसी भी कारण से आप श्रमदान करने नहीं पहुंच पा रहे है तो कम से कम न स्वयं साथ ही साथ अन्य लोगों को भी जीवन दायिनी नदियों को साफ स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित करें. वैसे भी कहां जाता है कि गंदगी न करना भी स्वच्छता अभियान में सहयोग करने के बराबर है.




## विद्यार्थियों को मिली लेपटॉप की राशि

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बासौदा में प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजनांतर्गत मा शि मंडल की कक्षा 12 में 75 प्रतिशत अंक लाने वाले विद्यार्थियों को लैपटॉप राशि के वितरण का मुख्य कार्यक्रम भोपाल में हुआ. उसी तारतम्य में विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हरिसिंह रघुवंशी विधायक बासौदा, शशि यादव नगरपालिका अध्यक्ष की अध्यक्षता, तथा नगर मंडल अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा, एसडीएम, बीईओ, बीआरसी, प्राचार्य एम सी शर्मा की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ.**

सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती जी की पूजन की गई उपरांत प्राचार्य एम सी शर्मा ने सभी अतिथियों का पुष्प हार से स्वागत कर शाल और श्रीफल भेंट कर सम्मान किया कार्यक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा एक क्लिक द्वारा भोपाल से लैपटॉप की राशि विद्यार्थियों के खाते में भेजे जाने का प्रसारण भी दिखाया गया .विधायक द्वारा विद्यालय को प्रदान किया गया वाटर कूलर का भी लोकार्पण किया गया. विधायक एवं नगर पालिका अध्यक्ष ने विद्यार्थियों को और अधिक मेहनत के साथ अध्ययन करने का संदेश दिया तथा सरकार की ओर से विद्यार्थियों के हित में चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी.कार्यक्रम में अशासकीय विद्यालयों के प्रतिभाशाली विद्यार्थी एवं उनके प्राचार्य भी सम्मिलित हुए.प्राचार्य एमसी शर्मा ने विद्यालय की प्रगति का विवरण प्रस्तुत किया.कार्यक्रम का संचालन एनएसएस प्रभारी दिनेश ओझा ने तथा आभार प्रधानाध्यापक अनिल दुबे ने व्यक्त किया.

## नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का अनुशासित पथसंचलन

नवभारत न्यूज

**सांची,** रविवार को नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा पथसंचलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया. संघ के स्वयंसेवकों ने अनुशासन और एकता की मिसाल पेश करते हुए नगर के मुख्य मार्गों पर शांतिपूर्ण ढंग से कदमताल की.

पथसंचलन में बड़ी संख्या में स्वयंसेवक एक समान गणवेश में शामिल हुए. यह जुलूस नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए भीतरी क्षेत्रों और बस स्टैंड परिसर से गुजरता हुआ रामलीला मैदान पहुँचा, जहाँ इसका समापन हुआ.मार्ग में जगह-जगह लोगों ने स्वयंसेवकों पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया.नगर में पूरे कार्यक्रम के दौरान शांति और अनुशासन का माहौल बना रहा.प्रशासन द्वारा पुलिस व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई थी ताकि कार्यक्रम सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके.नगर के नागरिकों ने संघ कार्यकर्ताओं के अनुशासन और समर्पण की सराहना की.संघ के पदाधिकारियों के अनुसार, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का मुख्य उद्देश्य समाज में सेवा, संगठन, अनुशासन और राष्ट्रभावना को सशक्त बनाना है। पथसंचलन जैसे आयोजन सामाजिक एकता, सद्भाव और राष्ट्रप्रेम का संदेश देने के लिए किए जाते हैं.